प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में पीएम–ईएसटीआईसी 2025 का किया उद्घाटन, उन्होंने एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना की शुरुआत की। ।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची में होगी कैबिनेट बैठक, अभियंताओं की नियुक्ति नियमावली और राज्य स्थापना दिवस से जुड़े प्रस्तावों पर होगी चर्चा।
3. बोकारो के पीटीपीएस ललपनिया में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव पारंपरिक पूजा–अर्चना के साथ हुआ शुभारंभ।
4. बिहार चुनाव के मद्देनजर चतरा पुलिस ने झारखंड–बिहार सीमा पर की बड़ी कार्रवाई, 50 लीटर अवैध शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार।
5. रांची में पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र–I की तीन दिवसीय अंतर–क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ, देशभर से आई टीमें ले रहीं हिस्सा

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारत अब प्रौद्योगिकी का सिर्फ एक उपभोक्ता नहीं, बल्कि यह प्रौद्योगिकी परिवर्तन का नेता बन चुका है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में उभरते विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी में देश का विकास एक नियमित क्रम का सिर्फ अनुपालन नहीं, बल्कि इसमें तेजी से वृद्धि हो रही है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश में अनुसंधान और विकास तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान विकास और नवाचार योजना का शुभारंभ भी किया। इस योजना का उद्देश्य देश में निजी क्षेत्र संचालित अनुसंधान और विकास तंत्र को बढ़ावा देना है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज दोपहर बाद रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की अहम बैठक होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में अभियंताओं की नियुक्ति और प्रोन्नति से संबंधित नई नियमावली को मंजूरी मिलने की संभावना है, साथ ही हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को मुफ्त जमीन रजिस्ट्री के प्रस्ताव पर भी सहमति बन सकती है। इसके साथ ही राज्य स्थापना दिवस से जुड़े फैसलों पर मुहर लग सकती है।

****

बोकारो जिले के पीटीपीएस ललपनिया में अगले दो दिनों तक आयोजित होने वाली लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव का आज विधिवत् शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि यह महोत्सव जनजातीय आस्था और परंपरा का प्रतीक है।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि झारखंड से चार बड़ी टेक्सटाइल कंपनियों का ओडिशा शिफ्ट होना राज्य के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि झारखंड की टेक्सटाइल नीति सिर्फ कागज़ों तक सीमित है और उद्योगपतियों को जमीनी स्तर पर कोई लाभ नहीं मिल रहा। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि निवेश लाने के नाम पर यूरोप दौरे में जनता के करोड़ों रुपये खर्च हुए, लेकिन परिणाम शून्य रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भय, असुरक्षा और सरकारी असहयोग के कारण उद्योगपति राज्य छोड़ने को विवश हैं।

****

रांची में गुरुनानक जयंती के अवसर पर आज गुरुनानक सतसंग शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार शहर में आज सुबह आठ से रात्रि 12 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। साथ ही दोपहर तीन से रात 12 बजे तक मेन रोड में छोटे मालवाहक समेत सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

****

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड–बिहार सीमा पर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गजवा चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच के दौरान 50 लीटर अवैध देशी महुआ शराब जब्त की गई और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से तस्करों की मोटरसाइकिल भी जब्त की है। इस कार्रवाई में मजिस्ट्रेट श्रवण कुमार सहित पुलिस बल और स्थानीय चौकीदार शामिल थे।

****

गिरिडीह के मधुवन थाना क्षेत्र स्थित पारसनाथ पहाड़ी की तलहटी में पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर नक्सली ठिकाने से भारी मात्रा में विस्फोट सामान बरामद किया है। इस अभियान के दौरान 170 मीटर सेफ्टी फ्यूज, 261 इग्नेटर सेट स्लीव, तीन खाली खोखा, नक्सली झंडे और साहित्य जब्त किए गए, जिसकी पुष्टि एसपी डॉ. विमल कुमार ने की है।

****

घरेलू शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह आरंभिक गिरावट के बाद सकारात्मक रूप से कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 81 अंकों की वृद्धि के साथ 84 हजार पर, जबकि निफ्टी 29 अंक की वृद्धि के साथ 25 हजार 751 पर कारोबार कर रहे थे।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 12 हजार पांच रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 58 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

कोडरमा जिले में मोथा चक्रवाती तूफान के कारण हुई बारिश से जन जीवन प्रभावित होने के साथ–साथ खेती–बारी को भी नुकसान हुआ है।

****

गिरिडीह में 17 से 19 नवंबर तक सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियों की समीक्षा सांसद सी.पी. चौधरी ने की। मौके पर सांसद ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय मंच देना है। इस महोत्सव में क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तीरंदाजी और वॉलीबॉल सहित कई खेलों का आयोजन किया जाएगा।

****

रांची में पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड पूर्वी क्षेत्र पारेषण प्रणाली–I की ओर से तीन दिवसीय अंतर–क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक, पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र–I ने किया। देशभर से आई टीमों की भागीदारी वाले इस आयोजन में राकेश कुमार ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

****